प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक: 22.09.2025 समय : 09:00 ए.एम.

0000

- जीएसटी की नई दरें आज से लागू–नई दरों में मुख्य रूप से 5 और 18 फीसदी की दो–दो श्रेणियां।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा–किसान राज्य की अर्थव्यवस्था के प्रमुख स्तम्भ–किसानों को बिजली उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता।
- शारदीय नवरात्र आज से शुरू–देवी मंदिरों और घर–घर में की जा रही है घट स्थापना।
- प्रदेश में मानसून की विदाई के साथ ही तापमान में बढोतरी जारी–आज जयपुर, अजमेर, कोटा, भरतपुर और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना।

00000

देशभर में आज से वस्तु और सेवा कर–जीएसटी की नई दरें आज से लागू हो गईं है। नवरात्रि के पहले दिन से लागू इन दरों में मुख्य रूप से अब पांच फीसदी और 18 फीसदी की दो–दो श्रेणी हैं। लग्जरी और विलासितापूर्ण वाली वस्तुओं पर अलग से 40 फीसदी कर लगेगा। सिगरेट, तंबाकू और अन्य संबंधित वस्तुओं को छोड़कर नई कर दरें आज से प्रभावी हो गईं है। इससे हर आयु वर्ग और हर समुदाय के लोगों को बड़ी राहत मिली है। रसोई में इस्तेमाल होने वाले सामान से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स, दवाइयां और उपकरणों और वाहनों समेत करीब 400 वस्तुएं सस्ती हो गई हैं। रोजमर्रा की जरूरतों का सामान बनाने वाली प्रमुख कंपनियों ने जीएसटी कटौती का लाभ उपभोक्ताओं को देने के लिए अपने उत्पादों की कीमतों में कटौती की है। आज से जीएसटी बचत उत्सव की भी शुरूआत हो गई है। 29 सितम्बर तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य जीएसटी दरों में कटौती का लाभ आम उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के साथ ही व्यवसायी वर्ग को प्रेरित करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जीएसटी सुधारों से राष्ट्र की विकास गाथा बदल जायेगी। युवा, नव मध्यम वर्ग, किसानों, महिलाओं और उद्यमियों को इस बचत उत्सव से बहुत लाभ होगा। उन्होंने कहा कि हर राज्य राष्ट्र के विकास की यात्रा में एक समान साझेदार होगा।

.....

इधर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि जीएसटी स्लैब में परिवर्तन के ऐतिहासिक निर्णय से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत बनेगी। इन सुधारों से आमजन के लिए रोटी, कपडा और मकान सस्ता होगा और सभी को फायदा मिलेगा। श्री शर्मा ने कल मुख्यमंत्री निवास पर व्यापारियों और उद्योग संगठन के प्रतिनिधियों से जीएसटी रिफॉर्म पर विशेष चर्चा भी की। उन्होंने कहा कि जीएसटी स्लैब में बदलाव का आमजन के बीच प्रचार–प्रसार किया जाए। नागरिकों को इससे होने वाली आर्थिक बचत और उसके फायदे भी बताए जाएं।

0000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि किसान राज्य की अर्थव्यवस्था के प्रमुख आधार स्तम्भ है तथा किसानों को कृषि कार्यों के लिए सुचारू बिजली उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कल जयपुर में ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि आगामी रबी सीजन के दौरान बिजली आपूर्ति व्यवस्था में किसी प्रकार का व्यवधान न पंहुचे। इसकी व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बार अच्छी बारिश से फसलों का बुवाई क्षेत्र बढा है, ऐसे में बिजली की मांग बढ़ने की भी संभावना है। इसको ध्यान में रखते हुए सभी तैयारियां पूरी की जाए। श्री शर्मा ने बैठक में पीएम सूर्य घर 150 युनिट निःशुल्क बिजली योजना सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की।

00000

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने श्रीअन्न–बाजरे को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। इससे किसानों की आर्थिक समृद्धि और देश की पोषण सुरक्षा को भी मज़बूती मिली है। श्री चौधरी ने कल बाड़मेर ज़िले में गुड़ामालानी स्थित क्षेत्रीय बाजरा अनुसंधान केंद्र में आयोजित किसान सम्मेलन और बाजरा प्रौद्योगिकी प्रदर्शन पार्क के शिलान्यास के अवसर पर ये बात कही।

उन्होंने कहा कि ये किसान सम्मेलन और यहाँ बनने वाला बाजरा प्रौद्योगिकी प्रदर्शन पार्क किसानों को नई वैज्ञानिक तकनीकों, उच्च गुणवत्ता वाले बीजों और आधुनिक प्रसंस्करण सुविधाओं से जोड़ने में मील का पत्थर साबित होगा।

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से शुरू हुआ स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान पूरे देश में सफलतापूर्वक चल रहा है। इसके तहत दो अक्तूबर तक सभी जिला अस्पतालों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो और अन्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में शिविर लगाये जा रहे है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया है कि 20 सितम्बर तक देश भर में दो लाख 83 हजार से ज़्यादा स्वास्थ्य शिविर लगाये जा चुके हैं। अभियान में लोगों की व्यापक भागीदारी देखी जा रही है, लाखों महिलाएँ, बच्चे और परिवार स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। मंत्रालय ने बताया कि देश के 76 लाख से ज़्यादा नागरिकों ने इस अभियान के लिए पंजीकरण कराया है।

0000

देशभर में आज से शारदीय नवरात्र शुरू हो गए हैं। सुबह से ही मां दुर्गा के मंदिरों और घर–घर में घटस्थापना की जा रही है। नौ दिन के इस अनुष्ठान में शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा–अर्चना की जाती है। नवरात्र के पहले दिन आज देवी के शैलपुत्री स्वरूप की आराधना की जा रही है। इसके साथ ही विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। देवी मंदिरों को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया जा रहा है। जयपुर के आमेर में स्थित शिला माता शक्ति पीठ में भी सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया है। करौली स्थित प्रसिद्ध शक्ति पीठ कैला देवी धाम में आज से शारदीय नवरात्र मेले की शुरूआत हो गई है। जगह–जगह आज से गरबा के भी आयोजन किये जायेंगे। हमारे सवाईमाधोपुर संवाददाता ने बताया कि चौथ का बरवाडा स्थित चौथ माता के मंदिर में घट स्थापना के बाद विशेष पूजा अर्चना की जा रही है।

.....

शारदीय नवरात्रि के पहले दिन शक्तिपीठ मां त्रिपूरा सुंदरी मंदिर में सुबह मंगला आरती का आयोजन किया गया है। देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत ने शारदीय नवरात्र के अवसर पर आमजन से माता की गोबर और मिट्टी से बनी मूर्ति ही स्थापित करने की अपील की है।

.....

राजधानी जयपुर के रामलीला मैदान में आज से रामलीला का मंचन होगा। रामलीला की शुरूआत गणेश पूजन से होगी। कोटा में आज से राष्ट्रीय दशहरा मेला की भी शुरूआत हो रही है।

00000

प्रदेश में मानसून की विदाई के साथ ही तापमान में बढोतरी दर्ज की जा रही है। पिछले 24 घंटों में राज्य के आधा दर्जन शहरों में हल्की बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दो दिन दक्षिण–पूर्वी राजस्थान के कोटा, उदयपुर संभाग और आसपास के जिलों में मेघगर्जन के साथ बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। वहीं पश्चिमी राजस्थान के अधिकांश भागों में मौसम शुष्क रहेगा। विभाग के अनुसार आज जयपुर, अजमेर, कोटा, भरतपुर और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं गरज के साथ बारिश की संभावना है।

0000